गैबी साहब, नेहरू पार्क का किया विद्यार्थियों ने भ्रमण

उचाना, (नरेन्द्र जेठी)- शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना के नर्सरी से दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को बाबा गैबी साहब, नेहरू पार्क नरवाना का भ्रमण करवाया गया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों को बाबा गैबी इतिहास के बारे मे जानकारी दी। नेहरू पार्क में विद्यार्थियों ने झूलों का आनंद लिया। 200 से अधिक विद्यार्थी इस भ्रमण में शामिल रहे। समय-समय पर विद्यार्थियों को इस तरह के भ्रमण करवाए जाते है। इस मौके पर रितु वूं संगीता, अशोक मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

रणदीप सुरजेवाला पहुंचे सांत्वना देने

नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) : बुजुर्गों का आशीर्वाद और स्नेह ही परिवार के सामाजिक आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। ये विचार कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को नरवाना के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी जियालाल गोयल के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात के दौरान कहे। सुरजेवाला ने जियालाल गोयल के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में गोयल परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए कहा कि समाज में भगवान के बाद माता-पिता का दर्जा माना जाता है, जो निश्चल, निस्वार्थ भाव से अपने परिवार का संरक्षण और पालन पोषण करते हैं। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्रसिंह सुरजेवाला, जगरूप सुरजेवाला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश सिंगला, हरियाणा कृषक समाज अध्यक्ष ईश्वर नैन, हरियाणा किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मवीर सहारण, रोहताश सिंगला, विनोद गोयल, सुरेंद्र मित्तल, मुकेश गोयल टिंकू आदि मौजूद रहे।

भारत जानो प्रतियोगिता में लहराया परचम

नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगोवाल ने भारत जानो प्रतियोगिता में परचम लहरा कर विद्यालय ही नहीं बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन किया है । आर्य कन्या महाविद्यालय, नरवाना में भारत विकास परिषद द्वारा भारत जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता काआयोजन किया गया। गुरु वंदनइ छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत आयोजित भारत जानो प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया।विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के तहत आयोजित कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंशा की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम गुरुजनों और छात्रों के प्रति सम्मान प्रकट करता है और छात्रों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगोवाल ने इस प्रतियोगिता में प्रथम बार ही भाग लिया, पहली बार में ही खंड स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करके अपनी प्रतिभा का परचम मनवाया।

जैन समाज के मेघा कैंप में 256 दिव्यांगों को बैसाखी व दवाइयां भेंट की

पानीपत, (कौशिक): श्री वर्धमान स्वेतामबर जैन सभा अग्रवाल मंडी द्वारा मेघा कैम्प लगाया गया। प्रधान गौतम जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्माण महोत्सव पर एक्सीडेंट के कारण

किसी बीमारी के कारण या अन्य किसी कारण से हाथ पैर आदि का हिस्सा कट गया हो ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को लाला देवी चंद ग्रोवर द्वारा दिव्यांगों को कृतिम अंग का चिकित्सकों के द्वारा नाप लिया गया। महामंत्री राजिंदर जैन ने बताया कि फ्री मेडिकल कैंप में राधा कृष्ण गौशाला के डाक्टरों की टीम ने आंख ,दांत, शुगर ,ब्लड प्रेशर एवं अन्य समस्याओं का भी समाधान किया। सुशील जैन ने बताया कि रीड की हड्डी एवं घुटनों के दर्द आदि की समस्या के लिए भी दिल्ली के मशहूर डाक्टर साइमन थॉमस की टीम ने घुटनों व हड्डियों से संबंधित बीमारियों की जांच की। शिविर में 256 मरीजों ने पहुंचकर सेवाओं का लाभ लिया। समाज सेवी प्रवीण जैन ने जरूरत मंद दिव्यांगो को बैसाखी व दवाइयां भेंट की तथा डाक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गौतम जैन ,राजिंदर जैन, प्रवीन जैन, पार्षद विजय जैन, राजीव जैन ,संजीव जैन ,रविंद्र जैन, मनोज जैन, सत्यप्रकाश जैन, अमित जैन ,मनीष जैन ,रश्मि जैन ,सुरेंद्र जैन, अमरनाथ गुप्ता, योगेश गोयल ,ओमवीर पंवार, राजू जैन, कैलाश जैन, अमित गुप्ता, विकाश अग्रवाल, चमन लाल गुलाटी मौजूद रहे।

टीबी मरीजों के लिए भेंट की दवाइयां

कुरुक्षेत्र, (दुग्गल) : सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने एलएनजेपी अस्पताल में टीबी के मरीजों के लिए दवाइयां भेंट की। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अस्पताल में आने वाले टीबी मरीजों के लिए दवाइयों की जरूरत है। इस पर उन्होंने समिति की ओर से मेडिकल आफिसर डा. दिनेश को दवाइयां भेंट की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया व मीडिया प्रभारी तरूण वधवा भी मौजूद रहे। डा. दिनेश ने समिति के पदाधिकारियों का आभार जताया। प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि समिति समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है। समिति द्वारा 400 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा समिति जरुरतमंद कन्या की शादी में सामान देना सहित अनेक सामाजिक कार्य करती है।

इन्द्री के गांवों में हुए जनसंवाद कार्यक्रम

• राई के विधायक ने सुनी जनसमस्याएं

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

इन्द्री/अनेजा : पूरे प्रदेश में आयोजित किये जा रहे जन संवाद कार्यक्रम पूरी तरह रंग ला रहे हैं। जन संवाद में लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान किया जा रहा है।

यह बात राई से विधायक मोहन लाल कौशिक ने इंद्री विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान विधायक का पगड़ी व शाल भेंट करके ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

विधायक मोहन लाल कौशिक ने कहा कि वह इस स मान को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने लोगों से मिले आशीर्वाद के लिए सभी का आभार प्रकट किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का 9 साल का कार्यकाल उपलब्धियां से भरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश ने विकास के चरम को छुआ है।

मेरे लिए यह सौभाग्य का अवसर है कि मुझे ईमानदार मु यमंत्री के साथ कार्य करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि पांचों गांवों की तरफ से जो मांग पत्र दिए गए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कुंजपुरा, घीड़,ब्याना, बीबीपुर ब्राह्माण व गढ़ी बीरबल गांव में पहुंच कर आमजन की समस्याएँ सुनी और उनके निदान के लिए सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि हर आदमी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नौकरियां देने का काम किया है। इस मौके पर बीडीपीओ कुंजपुरा ब्लॉक आस्था गर्ग,बीडीपीओ इंद्री नरेंद्र कुमार,डीएसपी सुभाष चंद्र,मार्केटिंग बोर्ड की सचिव संगीता चौधरी, एसएमओ डा. संदीप सिंह,इलम सिंह पूर्व चैयरमैन मार्किट कमेटी कुंजपूरा, निशांत पाहवा मंडल अध्यक्ष कुंजपुरा, रूपचंद चैयरमैन ब्लॉक समिति, मोहन लाल मंडल अध्यक्ष सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

नजर कमजोर वाले 75 विद्यार्थियों को बांटे चश्मे

उचाना, (नरेन्द्र जेठी) : सुदकैन कलां गांव में राजकीय स्कूल एवं आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 75 विद्यार्थियों को मुफ्त चश्में बांटे गए। 6 नवंबर को स्वतंत्र समूह सेवा समिति, केयूके पूर्व छात्र संगठन, छात्र युवा संग्राम परिषद एवं हरियाणा गौरव सेवा ट्रस्ट द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन राजकीय स्कूल सुदकैन में किया था। 350 के लगभग विद्यार्थियों की आंखों की जांच हुई थी। जिन 75 विद्यार्थियों को नजर कमजोर होने पर चश्मों की जरूरत थी उन्हें चश्में मुफ्त में दिए गए। समिति चैयरमैन प्रदीप मोर ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना संदेश देते हुए कहा कि स्कूलों में निरंतर इस तरह के कैंपों का आयोजन किया जाता रेगा। समिति द्वारा जरूरमंद विद्यार्थियों की मदद के साथ-साथ कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी गांव में युवाओं के लिए खोले जाने पर विचार किया जा रहा है। समिति के सीनियर सदस्य सुभाष श्योकंद की अगुवाई में ये चश्में बांटे गए। इस मौके पर समिति के प्रधान कृष्ण श्योकंद, शेर चहल प्रतिनिधि नगर पार्षद, सुखवीर श्योकंद, प्रवीन जिंदल, मनोज चहल, संदीप दमाड़ा, राकेश दमाड़ा, राहुल श्योकंद, मुख्याध्यापक दलबीर कुंडू, बलराम, बलवान पीटीआई मौजूद रहे।

करनाल में कलाकारों पर रंजिशन हमला, 2 घायल

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

करनाल, (डा. हरीश चावला) : करनाल की एसपी कॉलोनी में जागरण में झांकी दिखाने वाले कलाकारों के साथ मारपीट करने व कार के शीशे तोड़ने का मामला सामने आया है। कलाकार जागरण में हिस्सा लेने के लिए सोनीपत जा रहे थे। कार में एक लड़की भी सवार थी। मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं। जिनको जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित मनोज ने बताया कि वे जागरण में झांकी दिखाने का काम करते हैं। घर से सोनीपत के लिए निकले थे। घर के पास ही 34

लड़कों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले का कारण पुरानी रंजिश है। इन युवकों के साथ पहले भी झगड़ा हो चुका है, लेकिन यह मामला थाने में ही समझौते के साथ निपट गया था। मनोज का आरोप है कि पड़ोसियों ने खुद मारपीट नहीं की बल्कि युवकों को बाहर से बुलाकर हमला करवाया। गाड़ी में उस समेत 3 लोग सवार थे, जिसमें एक लड़की भी शामिल है। गाड़ी का शीशा भी तोड़कर गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में ऊर्जा मंत्री ने किया हरियाणा मंडप का अवलोकन

चंडीगढ़, (धरणी)- दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपम में चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में गत देर सायं हरियाणा राज्य दिवस मनाया गया जिसमें हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह मुख्यातिथि थे। उन्होंने मेले में हरियाणा मंडप का अवलोकन किया। ऊर्जा मंत्री के साथ उनकी पत्नी श्रीमती इंदिरा सिहाग, उनकी पोत्री सुश्री गायत्री तथा पौत्र सूर्यप्रकाश भी रहे। हरियाणा मंडप पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि नीति आयोग के आंकड़ों में बताया गया है कि हरियाणा तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था।

गांव में गाय पालने हेतु पीजी खोली जानी चाहिए : अनिल विज

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़, (धरणी) : हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने गोपाष्टमी के पावन अवसर पर कहा कि शहरीकरण के कारण जो लोग घरों में गाय नहीं पाल सकते उनके लिए गांव में गाय पालने हेतू पीजी (पेईंग गैस्ट) खोली जानी चाहिए। विज ने आज अम्बाला छावनी स्थित रामबाग गौशाला में गौशाला समिति की ओर से आयोजित हवन में भाग लिया और गऊओं को चारा खिलाकर गौसेवा भी की। विज ने इस अवसर पर कहा कि पहले लोग गौसेवा के लिए गाय पालते थे। गाय हमारी संस्कृति और समाज का हिस्सा है। जो जन्म देती है, उसको माता कहते है और जो पालन करती है, उसको भी माता कहा जाता है। गृह मंत्री विज ने बताया कि गौशाला बनाने को लेकर सरकार भी विचार कर रही है। हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जिसने गौ तस्करी पर सख्त कानून बनाते हुए कार्रवाई की है। नियमों को कड़ा करने के साथ-साथ अपराधियों पर शिकंजा कसा गया है।

खटकड़ में 10 को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

उचाना, (नरेन्द्र जेठी) : हलके के खटकड़ गांव में 10 दिसंबर को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन

किया जा रहा है। भाजपा नेता देवेंद्र अत्री की पत्नी सुषमा अत्री मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। सुषमा अत्री ने बताया कि हलके के गांव छातर, लोधर सहित विभिन्न गांवों में महिला कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। खटकड़ गांव में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित हो रहा है। आज पुरूष के कदम से कदम मिलाकर महिला चल रही है। ऐसे में महिलाओं के सम्मान के लिए नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजन करने का निर्णय लिया।

बच्चों की मनोविज्ञानिक समस्याओं का किया निवारण

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) : एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में हरियाणा बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र के तत्वावधान में बच्चों को कक्षा में सामूहिक परामर्श प्रदान किया गया जिसमें परामर्शदाता नीरज कुमार ने बच्चों को बताया कि उन्हें अभिभावकों एवं अध्यापकों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन पर भरोसा रखना चाहिए क्योंकि वही हमारे सच्चे हितेषी होते हैं।

बच्चों को कैसे अपना ध्यान पक्का कर पढ़ाई की जाए , इस बारे में उनके द्वारा टिप्स दिए गए । एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों व शिक्षकों को निरंतर मनोवैज्ञानिक तौर तरीकों द्वारा सशक्त बनाने एवं बच्चों की विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं के निदान हेतु हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद कि राज्य स्तरीय परियोजना के तहत परियोजना के राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक द्वारा पूर्व में स्थापित 33वें बाल सलाह परामर्श कल्याण केंद्र में आज परामर्शदाता नीरज कुमार ने विभिन्न मनोवैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से बच्चों की मनोवैज्ञानिक स्थिति को समझते हुए भावनात्मक व मानसिक स्वास्थ्य के मद्दय नजर समूह एवं व्यक्तिगत परामर्श प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि परामर्श सेवाएं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। निसंकोच भाव से मन में उत्पन्न सवालों के जवाब हासिल करें।

श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूरी

नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) - आगामी 21 नवंबर को शहर के हुडा ग्राउंड में श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नरवाना में प्रथम भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव श्री श्याम परिवार, नरवाना द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें एसडीएम नरवाना अनिल दून व डीएसपी अमित भाटिया, एसएचओ सिटी कुलदीप सिंह एवं तहसीलदार निखिल सिंगला विशेष तौर पर शिरकत करेगें। यह जानकारी देते हुए राजेश सिंगला व विकास सिंगला ने बताया कि इस मौके पर रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता मोहनलाल गर्ग मुख्यातिथि के तौर पर एवं प्रापर्टी एडवाईजर कुलदीप मोर बतौर विशिष्ठ अतिथि मौजूद रहेगें। जागरण में दरबार सेवा कैलाश सिंगला, 56 भोग सेवा शैंकी मित्तल, पान सेवा नवीन मित्तल, तिलक सेवा रोहित मित्तल, छत्तर सेवा विशाल गर्ग, निशान सेवा बिरेन्द्र बिढाण, इत्र सेवा मुकेश गर्ग, पटका सेवा राकेश गर्ग, चवर सेवा राजेश सिंगला द्वारा की जाएगी जबकि मोमेन्टो सेवा रघुबीर मोर, फ्रुट सेवा सज्जन कुमार, बालाजी ध्वजा सेवा श्यामलाल, चुरमा सेवा कमल शर्मा, सवामणी सेवा दिलबाग गोयल, कनव कंसल एवं संदीप, केक सेवा अशोक गोयल द्वारा की जाएगी।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सुल्तान सिंह/ धनपति/ सुरजीत/ LBHIS00006026898/ LBHIS00005992857	खेवट नंबर 363/331, खाता नंबर 478, खसरा नंबर 216//16/2(5-11), 24/1(3-17) 24/2 (3-10), 25 (7-7), 217//20/2(6-5), 21/1(2-5), 22/1(0-13) 221//2 (8-0) मौजा- अग्रोहा, हिसार, हरियाणा/ नवंबर 18, 2023	जून 17, 2023 रु. 10,63,487/-	हिसार
2.	रणधीरसिंह/ पूजा/ जलबीर/ LBHIS00005697628/ LBHIS00005461197	खेवट नंबर 2026, खतौनी संख्या 2405, खसरा नंबर 552//9(8-0), किसान कॉलोनी, बरवाला में स्थित जिला-हिसार, हरियाणा/ नवंबर 18, 2023	मई 22, 2023 रु. 14,80,175/-	हिसार
3.	संदीपकुमार/ वजीर सिंह/ LBHIS00006182245/ LBHIS00006050759	खेवट नंबर 1066 मिन, 1044 मिन, खसरा नंबर 1062(1-0), गाँव मतलोडा में स्थित तहसील- बरवाला, जिला-हिसार/ नवंबर 18, 2023	अप्रैल 19, 2023 रु. 12,93,991/-	हिसार
4.	दर्शनसिंह/ सुनीता/ LBHIS00005335107/ HPHNS00045464318	खेवट नंबर 301, खतौनी नंबर 407, जमाबंदी 2013-2014 के अनुसार, गाँव खुंभा में स्थित तहसील हांसी और जिला हिसार/ नवंबर 18, 2023	मई 30, 2023 रु. 14,99,722/-	हिसार
5.	अंशुल/ बंसीलाल/ सरला देवी/ LBHIS00005732761	प्लॉट नंबर 146 और 147 मिनजुला वाक्या रकबा गुरु दर्शन कॉलोनी, तहसील उकलाना, हिसार, हरियाणा/ नवंबर 18, 2023	मई 15, 2023 रु. 10,57,624/-	हिसार

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 21, 2023
स्थान : हिसार

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: एससीओ-35, ब्रास मार्केट, रेवाड़ी, हरियाणा-123401

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	राय फूल चंद शिक्षा एंड खेल समिति (ऋणदाता), धर्मपाल (सह-ऋणदाता) विरेन्दर सिंह (सह-ऋणदाता) ज्योति कुमारी (सह-ऋणदाता) विक्रम सिंह (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHRWI00001294899 & LHSNP00001298425 & LHSNP00001358366	खेवट नं. 151, खतौनी नं. 165 एवं खेवट नं. 65 खतौनी नं. 70, किला नं. 14//5/1, 43//8, 48//7/1, 14/2, 15, 16, 17, 24, 25, 49//11, 20, 21, 51//4/2, 5, 6, 7, 8 एंड खेवट नं. 104, खतौनी नं. 110 एवं किला नं. 38//18/2, 23/2, 24, 25, 43//3/2, 4/1, 50//1, 2, 3/1, 51//2, 3, 4/1, गांव सलोनी तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़-123001	रु. 3,22,18,478/- 16, नवम्बर 2023	रु. 5,75,91,000/- / रु. 57,59,100/-	11 दिसंबर 2023 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	29 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **28 दिसंबर, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ-35, ब्रास मार्केट, रेवाड़ी, हरियाणा-123401** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 28 दिसंबर 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और निविदा दस्तावेजों के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ-35, ब्रास मार्केट, रेवाड़ी, हरियाणा-123401** में या **28 दिसंबर, 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **सलोनी** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300** या अन्य सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तारीख: नवंबर 21, 2023
स्थान: महेन्द्रगढ़

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

'आप' चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष ने शराब घोटाले को लेकर सरकार को घेरा

20 में से 15 जिलों में देसी और अंग्रेजी शराब की 75,250 पेटियां गायब मिली : डा. अशोक तंवर

प्रदेश में सरकार और प्रशासन की मिलीभगत से बड़े स्तर पर हो रहा शराब घोटाला

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़, (धरणी) : आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डा. अशोक तंवर ने सोमवार को बयान जारी कर प्रदेश में हुए शराब घोटाले को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में ठेके के गोदामों में शराब की हेराफेरी हो रही है। जांच में खुलासा हुआ है कि 20 में से 15 जिलों में देसी और अंग्रेजी शराब की 75,250 पेटियां गायब मिली हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले के डीईटीसी को अपने क्षेत्र के शराब ठेकों व गोदाम की जांच करनी होती है। प्रशासन दावा करता रहता है कि उनके यहां सब ठीक है, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। लेकिन अब प्रशासन और सरकार की पोल खुल चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार और प्रशासन की मिलीभगत से बड़े स्तर पर शराब घोटाला हो रहा है। सरकार में बैठे नेता, अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर हरियाणा के युवाओं को नशे में झोंक रहे हैं। पिछले 9 सालों में अवैध नशे में संलिप्तता के कारण 500 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। जबकि अभी हाल के जहरीली शराब के मामले में जनता के प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सांठगांठ सामने आई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे इस शराब घोटाले में अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कैथल, करनाल, पानीपत, सिरसा और यमुनानगर में सबसे ज्यादा शराब की पेटियां गोदाम से गायब मिली हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारत में बनी विदेशी शराब की 11400, बीयर की 8180, अंग्रेजी शराब की 108 और विदेशी शराब की 73 पेटी कम मिली, जबकि एल-13 में देसी

शराब की 55,240 पेटी गायब मिली। उन्होंने कहा कि एल-1 यानी अंग्रेजी शराब, फरीदाबाद में बनाई गई विदेशी शराब की 390, गुरुग्राम में 800, कैथल में 740, करनाल में 3645, पलवल में 331, पानीपत में 3010, रोहतक में 310, सिरसा में 328, सोनीपत में 68 और यमुनानगर में 2035 पेटी शराब गायब मिली। इसके अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसान, कैथल, करनाल, पानीपत और सिरसा में बीयर की 8180 पेटी कम मिली। वहीं उन्होंने कहा कि एल-13 यानी देसी शराब की अंबाला में 3850, कैथल में 8135, करनाल में 5175, कुरुक्षेत्र में 2590, मेवात में 28, पलवल में 148, पानीपत में 8390, सिरसा में सबसे ज्यादा 22895 और यमुनानगर में 3979 पेटी गायब मिली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खुलेआम अवैध नशे का कारोबार चल रहा है। इसमें दूसरी पार्टियों के लोग भी शामिल हैं। कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण में मौत के सौदागर इस खेल को खेल रहे हैं। उन्होंने सीएम खट्टर से शराब घोटाले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।